मुख्यमंत्री ने इंडोर स्टेडियम, बीपीओ सेंटर और तारामंडल का किया लोकार्पण

चर्चा में क्यों?

19 सितंबर, 2023 को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नगर पालिक निगम भिलाई अंतर्गत खुर्सीपार में नवनिर्मित मिनी इंडोर स्टेडियम एवं नवनिर्मित बीपीओ सेंटर तथा नेहरू नगर में नवनिर्मित तारामंडल का लोकार्पण किया।

प्रमुख बिंदु

- 3 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित मिनी इंडोर स्टेडियम में बैडमिंटन कोर्ट, 2 नग वुडन फ़्लोरिंग, टेबल टेनिस के तीन कोर्ट, कैरम रूम, 3 बोर्ड शतरंज और एक हाल बनाया गया है। इंडोर स्टेडियम से अब खिलाड़ियों को खेलने की बेहतर सुविधाएँ मिलेंगी।
- 7 करोड़ रुपए की लागत से नवनिर्मित बीपीओ सेंटर के माध्यम से लगभग 700 युवाओं को रोज़गार उपलब्ध कराया जाएगा।
- 2 करोड़ रुपए की लागत से नेहरू नगर में नवनिर्मित तारामंडल शहरवासियों को ब्रम्हांड से परिचित कराएगा।

RAKSO

लोकार्पण

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chief-minister-inaugurated-indoor-stadium,-bpo-center-and-planetarium